## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 26.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

हजारीबाग जिले में मंगला जुलूस के दौरान हुई हिंसा को सांसद मनीष जायसवाल ने लोकसभा में उठाया। उन्होंने गृह मंत्री से मांग की कि झारखंड में हिंदुओं के त्योहारों पर केंद्रीय बलों की तैनाती की जाए।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षिकाओं को आज स्मार्ट फोन प्रदान किया। रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में हुए स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मोबाइल एक सहयोगी के रूप में दिया गया है।

******************

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने कहा कि फिलहाल कोई आदेश पारित नहीं किया जाएगा और जांच एजेंसी अपनी रिपोर्ट निचली अदालत में जमा करे। कोर्ट ने परीक्षा परिणाम के प्रकाशन पर लगी रोक हटाने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार, जेएसएससी और याचिकाकर्ताओं के वकीलों के बीच बहस हुई।

******************

देवघर जिले के आर मित्रा स्कूल में पीएम श्री मेला का आयोजन हुआ, जिसमें 12 स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एसडीएम रवि कुमार ने इसे बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा निखारने वाला बताया। मेले में नृत्य, संगीत, कला और विज्ञान प्रदर्शनी सहित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

******************

दुमका जिले में मुख्यमंत्री मैंया सम्मान योजना के तहत 2 लाख 26 हजार महिलाओं को लाभ मिल रहा था, लेकिन फरवरी में हुए भौतिक सत्यापन के बाद 59,380 महिलाओं की सम्मान राशि रोक दी गई। लाभ से वंचित महिलाओं का कहना है कि उनके नाम बिना किसी स्पष्ट कारण के सूची से हटा दिए गए हैं। इसके कारण हजारों महिलाएं प्रखंड और अंचल कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

******************

साहिबगंज जिले के नगरभीट्ठा गांव में ब्रेन मलेरिया से 16 माह की बच्ची की मौत के बाद मृतकों की संख्या छह हो गई। जिला प्रशासन की जांच के बाद गांव में 55 लोगों में ब्रेन मलेरिया के लक्षण पाए गए, जिनका इलाज जारी है। अब तक जिले में कुल 78 मरीज चिह्नित किए जा चुके हैं। सदर अस्पताल में भर्ती तीन अन्य बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है।

******************

पलामू जिले में मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ सुरक्षा योजना के तहत सभी राशनकार्ड धारियों को 15 लाख रूपये तक की निःशुल्क इलाज की सुविधा शीघ्र दी जाएगी।

******************

घरेलू शेयर बाजार में आज गिरावट का रूख है। अब से कुछ देर पहले सेंसेक्स 600 अंक गिरकर 77 हजार 410 पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 150 अंक गिरकर 23 हजार 510 पर आ गया।

******************

मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में फिलहाल मौसम साफ रहेगा। धीरे–धीरे तापमान में वृद्धि होगी। हफ्तेभर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सिसय तक जा सकता है। इस दौरान रांची का पारा 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

******************

नई दिल्ली में खेलो इंडिया पैरा गेम्स के सातवें दिन पावरलिफ्टर्स और टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पैरा पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में दिनेश बागड़े ने एलीट 107 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि दिव्येश लदानी ने रजत और जोगिंदर सिंह ने कांस्य पदक हासिल किये। एलीट 86 किलोग्राम वर्ग में अरुणमोली अरुणगिरी ने स्वर्ण, प्रभाबेन शियाल ने रजत और समीमबेन वोहरा ने कांस्य पदक जीता।

*******समाप्त*******